बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-200
24/06/2019

मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग द्वारा आयोजित वर्ष 2018–19 के योजना व्यय करने वाले प्रमुख विभागों की समीक्षा बैठक की

पटना 24 जून 2019 :– 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वित्त विभाग द्वारा आयोजित वर्ष 2018–19 के योजना व्यय करने वाले दस प्रमुख विभागों की समीक्षा बैठक की। शिक्षा, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य, जल संसाधन, पथ निर्माण एवं ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव/सचिवों ने विस्तार से अपने–अपने विभागों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में कवार्टरली एक्सपेंडिचर के साथ–साथ विभागवार प्रोजेक्ट स्टेट्स की भी चर्चा की गयी। केन्द्र प्रायोजित योजनाओं से मिलने वाली राशियों और उनके द्वारा चलायी जा रही योजनाओं जैसे– स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मनरेगा के संबंध में भी चर्चा की गयी।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में हायर सेकेंडरी स्कूल के निर्माण कार्य में तेजी लानी होगी ताकि लड़कियों को पढ़ाई करने में सहुलियत हो। इसका बहुत दूरगामी प्रभाव होगा, लड़कियों के शिक्षित होने से प्रजनन दर भी नियंत्रित होगा। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण का कार्य भी तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करें और जिन्हें शौचालय निर्माण की राशि नहीं मिली है, उनका भुगतान भी जल्द से जल्द करायें। मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को शीघ्र लाभ दिलायें। सतत् जीविकोपार्जन योजना के क्रियान्वयन को बेहतर ढ़ंग से किया जाना चाहिये। जो परिवार हाशिये पर हैं, उनको मुख्य धारा में लाने के लिये यह बहुत उपयोगी योजना है। गॉवों में जीविका समूह से ज्यादा से ज्यादा परिवारों को जोड़ने की जरूरत है। जीविका समूह, लोगों को कई योजनाओं और कई कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लाभार्थियों को तेजी से लाभ दिलायें। मुख्यमंत्री ने ऑर्गेनिक खेती के माध्यम से सब्जी का उत्पादन करने वाले किसानों के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रीपेड मीटर एवं बिजली के जर्जर तार को निर्धारित समय सीमा के अंदर बदलने के लिये तेजी से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों के छतों पर सोलर प्लेट लगाने के कार्य में भी तेजी लायी जाय। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिये भी हमलोगों को काम करना होगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा एवं भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री सुभाष शर्मा, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन,

प्रधान सचिव समाज कल्याण श्री अतुल प्रसाद, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, सचिव ग्रामीण विकास श्री अरविंद कुमार चौधरी, सचिव ग्रामीण कार्य श्री विनय कुमार, सचिव वित्त (व्यय) श्री राहुल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******